卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 296 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦3 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# दम्पत्ति की चाकू से गोदकर हत्या, वृद्धा गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प वार्ड 7 की आजादनगर बस्ती में अज्ञात हमलावरों ने देर रात घर में घुसकर दम्पत्ति की धारदार हथियार से हत्या कर





दी। इस दौरान उन्हें बचाने के लिए पहुंची मृतक की सास को भी हमलावरों ने चाकू मारकर घायल कर दिया। हमलावर घर में मौजूद मृतक दंपत्ति के पुत्र और पुत्री को धक्का देकर घर से फरार हो गये। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है। मामला पुरानी रंजिश का माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से ग्राम नेठी, आजमगढ़ यूपी निवासी संजय यादव पुत्र झिंगुरी यादव यहां ट्रांजिट कैम्प के वार्ड नंबर सात आजादनगर में अपनी ससुराल में पत्नी सोनाली और दो बच्चों 14 वर्षीय जय यादव और आठ वर्षीय अनुष्का यादव तथा सास गौरी मंडल के साथ रह रहा था। बुधवार देर रात अज्ञात हमलावर घर का कुंडा काटकर भीतर घुस गये। उन्होंने 35 वर्षीय संजय यादव के गले में चाकू से वारकर उसे लहूलुहान कर दिया जिससे संजय गले से खून की धारा बह उठी और वह वहीं पर गिर पड़ा। इसके बाद हमलावरों ने उसकी पत्नी 30 वर्षीय सोनाली पर चाकू से वार करने शुरू कर दिये जिससे बचाव के लिए सोनाली ने पूरी कोशिश की। इस दौरान हमलावरों ने उसके चेहरे, कमर, हाथ व पीठ पर चाकू से कई वारकर लहुलूहान कर दिया। जिससे सोनाली लहूलुहान हीलत में वही गिर गई। घर में शोर की आवाज सुनकर सोनाली की मां 55 वर्षीय गौरी मंडल पत्नी दिलीप मंडल उन्हें बचाने के लिए पहुंची तो हमलावरों ने उसे भी चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद हमलावर संजय के पुत्र 14 वर्षीय जय को धक्का देते हुए मौके से फरार हो गये। इसी दौरान शोर की आवाजें आने पर मौहल्ले (शेष पृष्ठ सात पर)

## रात्रि दस बजे मंदिर से लौटी थी सोनाली

रूद्रपुर। जिस महिला सोनाली की हमलावरों ने चाकू से कई वार कर निर्मम हत्या की वह गत रात्रि करीब दस बजे तक एक मंदिर में आयोजित कन्या के विवाह में मौजूद थी।बताया जाता है कि मंदिर में गत रात्रि कन्या का विवाह समारोह आयोजित था जिसमें क्षेत्र की सैकड़ों महिलायें मौजूद थीं। गीत संगीत का कार्यक्रम भी चला। जिसमें सोनाली ने भी प्रतिभाग किया था। रात्रि करीब दस बजे वह मंदिर से घर वापस आई थी। प्रात: जब आस पड़ोस (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

रूद्रपुर।मध्य रात्रि आजादनगर ट्रांजिट कैम्प में हुए डबल मर्डर के खुलासे के लिए पुलिस ने सभी प्रयास तेज कर दिये हैं। एक ओर जहां घटना स्थल से पर्याप्त सबूत जुटाये जा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर घटना स्थल के आसपास तथा मौहल्ले में आने जाने वाले सभी मार्गो पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही हैं। जिसके आधार पर पुलिस इस जघन्य घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

## हमलावर रह चुका है मौहल्ले में

रूद्रपुर। मौहल्ला आजादनगर में चाकुओं से गोदकर दम्पत्ति की हुई निर्मम हत्या के मामले में एक हत्यारोपी की पहचान मृतकों के पुत्र ने की है। उसके अनुसार जिन लोगों नें उसके माता पिता को मारा है उनमें एक कुछ साल पहले उनके घर के सामने एक महिला के साथ किरोदार के रूप में रहता था। किसी बात को लेकर उसका पिता से झगड़ा भी हुआ था और वह पिता को जान से मारने की धमकी देता था। बाद में वह मौहल्ले से चला गया। वहीं मौहल्ले वालों ने भी इस बात की पुष्टि की है कि एक हमलावर पूर्व में यहां रहता था।

# शक्तिफार्म में युवक की गला रेतकर हत्या



शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। ग्राम बैकुंठपुर की सन्यासी बस्ती में एक युवक की हत्या से सनसनी फैल गयी। अज्ञात लोगों ने युवक को गला रेतकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक का शव घर से महज दो सौ मीटर की दूरी पर बरामद किया गया है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार बैंकुंठपुर के सन्यासी बस्ती निवासी युवक भोला बाला का शव घर से करीब दो सौ मीटर दूरी पर बरामद किया गया।जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मृतक का गला रेता गया है। जिससे उसकी हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक अपने पीछे पत्नी, मां और दो बच्चों को छोड़ गया है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला लापता किशोरी का शव

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हुई किशोरी का शव रेलवे ट्रैक पर बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से भोजीपुरा निवासी तेजपाल यहां ट्रांजिट कैम्प में चामुंडा मंदिर के पास परिवार (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर में घुसकर चाकुओं से किया हमला

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र जरायम कारोबार व अपराधिक गतिविधियों का गढ़ बनता जा रहा है। यहां दर्जनों स्थानों पर जहां एक और अवैध कच्ची शराब के गैरकानूनी अड्डे आबाद हैं। मादक पदार्थों की बिक्री की जा रही है वहीं दूसरी ओर आए दिन अपराधिक घटनाओं से संभ्रांत परिवारों का जीना दूभर है। हालिया घटनाक्रम का जिक्र करें तो कुमाऊं कॉलोनी कचनाल गाजी में रात्रि के तीसरे प्रहर धारदार हथियारों से लैस दो बदमाशों ने घर में घुसकर एक व्यक्ति पर कातिलाना हमला कर दिया। शोर-शराबा होने पर बदमाश (शेष पृष्ठ सात पर)

# रजिस्ट्रार कार्यालय में कमिश्नर का छापा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने आज रजिस्ट्रार ऑफिस में औचक छापेमारी की। जिससे वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। लंबे समय से रजिस्ट्रार कार्यालय में हो रही रजिस्ट्री में अनियमितताओं की शिकायत उन तक पहुंच गई थी। ऐसे में आज कमिश्नर दीपक रावत ने छापेमारी कर तमाम अभिलेखों का निरीक्षण कर अधिकारियों व कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली। हाल ही में प्राधिकरण द्वारा कई अवैध कॉलोनियों को सील करते हुए वहां की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। लेकिन रजिस्ट्रार कार्यालय में एफिडेविट के



आधार पर धड़ल्ले से रजिस्ट्री हो रही थी। जिसका संज्ञान लेते हुए कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने छापेमारी कर रजिस्ट्रार कार्यालय के दस्तावेज खगालते हुए फटकार लगाते हुए रजिस्ट्री पर तत्काल रोक लगाने को कहा।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

### कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नौकर के लिए विदेश भेजने के नाम एक व्यक्ति से लाखों रूपयों की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पांच आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में पवन कुमार पुत्र परसराम निवासी मौहल्ला भदईपुरा रूद्रपुर हाल निवासी आजादनगर किच्छा ने अकुर गंगवार पुत्र सिया राम निवासी खेडा रूद्रपुर संचालक शिव सर्व पब्लिक स्कूल दूधियानगर रूद्रपुर, चाँद खाँ पुत्र अज्ञात निवासी एलायन्स कालौनी रूद्रपुर, राम सैनी पुत्र अज्ञात निवासी दक्ष कालौनी रूद्रपुर, विनोद कपूर तथा करीम खान कर्मचारी शिव सर्च पब्लिक स्कूल दूधियानगर रूद्रपुर के विरूद्ध आरोप लगाते हुए कहा है कि वर्ष 2021 में अंकुर गगवार से सम्पर्क हुआ उसने बताया कि उसकी कम्पनी (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर तीन लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरकारी विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर शातिर युवक ने एक व्यक्ति से तीन लाख रूपये ठग लिए। पीड़ित द्वारा मुख्यमुत्री से शिकायत करने के बाद मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में विनय कुमार पुत्र श्याम स्वरूप हाल निवासी नई बस्ती, खेड़ा ने कहा है कि अपने एक सहयोगी मित्र के साथ स्क्रेप का काम करता है । एक (शेष पृष्ठ सात पर)

# संदिग्ध हालातों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

किच्छा (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि में 35 वर्षीय विजय आनंद पुत्र भगवान दास निवासी आवास विकास ने घर में फांसी लगा ली जिसकी जानकर होने पर मृतक के परिजनों ने उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस द्वारा सीएससी किच्छा में जाने पर मृतक के परिजन अस्पताल में मौजूद मिले मृतक के पिता ने पूछताछ में बताया कि मृतक की 5 वर्ष पहले बबली पुत्री प्यारेलाल निवासी आसपुर खेड़ा थाना देवरनिया बरेली से शादी हुई थी मृतक की पत्नी 2 वर्षों से अपने मायके में रह रही है जिसने 1 वर्ष पहले दहेज एक्ट का केस कर रखा है जिस कारण मृतक अक्सर टेंशन में रहना बताया। जिसने शाम को अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम कराए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# चामुंडा देवी मंदिर में चोरों ने बोला धावा

### एक कुंतल से अधिक की घंटियां, आभूषण,चढ़ावे की नगदी व शिव दरबार उठा ले गए चोर

काशीपुर(उद संवाददाता)। बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र में मंदिर की जाली तोड़कर देर रात अज्ञात चोरों ने भारी भरकम पीतल के घंटे दर्जनों घंटियों के अलावा माता की चांदी के आभूषण एवं चढ़ावे की नगदी व दरबार समेट लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस को मामले की सूचना मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर घटना का संज्ञान लिया। जानकारी के मुताबिक बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र के मोहल्ला आर्य नगर



में सिद्ध पीठ मां चामुंडा देवी व शिव परिवार मंदिर स्थापित है। इस मंदिर से क्षेत्र के हजारों हजारों श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। मंदिर के मुख्य द्वार पर लगी लोहे की जाली को तोड़कर आधी रात के बाद अज्ञात चोरों ने मंदिर में घुसकर मुख्य द्वार पर लगे 35 किलो के पीतल के घंटे को निकाल लिया। इसके बाद मंदिर के अंदर गर्भ गृह के द्वार पर लटक रहे एक अन्य 35 किलो के पीतल के घंटे को भी चोरों ने लोहे की चेन से तोड़कर अलग कर दिया। इतना करने के बाद भी जब चोरों का मन नहीं भरा तो उन्होंने मंदिर में विराजमान मां चामुंडा देवी के चांदी के आभूषण मंगल (शेष पृष्ठ सात पर)

# लोकगायक प्रकाश फुलारा की मौत से शोक की लहर

## रामनगर में उफनाए नाले में बही दिल्ली से आ रहे यात्रियों की टाटा सूमो,मासूम से छीना पिता का साया

रामनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश से रामनगर के ढिकुली में सूमो वाहन के उफनाए बरसाती नाले में बह जाने से लोक गायक प्रकाश चंद्र फुलारा की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल लोग गए। युवा लोक गायक प्रकाश नाला उफान पर आ गया। जिसमें मंगलवार देर रात एक टाटा सूमो बह गई। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। ये मौत लोक गायक प्रकाश फुलारा की हुई थी। इस खबर से परिवार में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के मुताबिक प्रकाश फुलारा रूप में पहचान बनाने वाले प्रकाश फुलारा दस सालों तक अपने गांव का सरपंच भी रह चुका था। साल 2010 से 2020 तक वह गनोली वन पंचायत का सरपंच रहा था। जिसके बाद वो परिवार के भरन-पोषण के लिए दिल्ली में प्राइवेट नौकरी कर रहा था।





फुलारा की मौत से शोक की लहर छा गई है। रामनगर में उफनाए नाले में एक टाटा सूमो बह गई। इस घटना में मारे गए प्रकाश फुलारा अल्मोड़ा के रहने वाले थे। जो कि अपने बेटे के इलाज के लिए घर आ रहे थे। लेकिन घर आते वक्त उफान पर आए नाले में बहने के कारण उनकी मौत हो गई। रामनगर में भारी बारिश के कारण एक बरसाती अपने बेटे के इलाज के लिए अल्मोड़ा अपने गांव जा रहे थे। तभी रास्ते में रामनगर में हादसे में उनकी मौत हो गई। प्रकाश फुलारा दिल्ली में प्राइवेट नौकरी से अपने परिवार का गुजारा करते थे। उनके बेटे को दिल की बिमारी थी। जिसके इलाज के लिए ही वो गांव आ रहा था। मिली जानकारी के मुताबिक कुमाऊंनी लोक गायक के प्रकाश फुलारा के गांव वालों का कहना है कि प्रकाश अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। जिसके चले जाने से परिवार के सामने आजीविका का संकट आ गया है। ग्रामीणों ने प्रकाश के असहाय परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने प्रकाश के तीन साल के मासूम बेटे के इलाज के लिए भी मांग की है।

## दिलकश आवाज और प्रतिभा के धनी थे प्रकाश फुलारा,सामाजिक कार्यों में दिया अहम योगदान

अल्मोड़ा(उद ब्यूरो)। अपनी सुरमयी मधुर और दिलकश आवाज के धनी प्रकाश फुलारा एक पहाड़ी गायक और गीतकार हैं। उन्हें कुमाऊंनी, गढ़वाली, जौनसारी, हिमाचली, बिहारी, भोजपुरी और हरियाणवी रागनी के गायन में महारत हासिल है। प्रकाश फुलारा ग्राम बिठोली, द्वाराहाट, जिला अल्मोड़ा के मूल निवासी हैं। पिता कृष्णानंद फुलारा के घर जन्मे प्रकाश फुलारा गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। 'उचा डानो मा सैम ज्यू को वासा' प्रकाश फुलारा की पहली एल्बम थी। अल्मोड़ा जिले के ग्राम गनोली में सैम ज्यू का बहुत ही प्राचीन और भव्य मंदिर है। यहां सैम देवता के साथ माता विजया देवी की मूर्ति विराजमान है। प्रकाश फुलारा ने सैम ज्यू की स्तुति में सुंदर भजन की रचना की और उसका गायन भी स्वयं किया। कुमाऊंनी भजन की उनकी यह पहली एल्बम लोगों को खूब पसंद आई। 'तारा तेरी याद मा' प्रकाश फुलारा की दूसरी एल्बम है। इस गाने में उन्होंने कॉलेज के दिनों में लड़के-लड़कियों की मौजमस्ती को प्राकृतिक सौंदर्य, सुराईखेत बाजार, चांदी के बटन, भोली अनवार, भलो हसना, भलो बुलाना जैसे कुमाऊंनी शब्दों के माध्यम से बड़ी ही सुंदरता से पिरोया है। इस एल्बम के गाने ने युवाओं का मन



मोह लिया। 'दिल्ली की छोरी बड़ कमाल की' प्रकाश फुलारी की तीसरी एल्बम है। रोमांटिक गाने वाली इस एल्बम के गाने को गढ़वाली, कुमाऊंनी और हिमाचली जौनसारी भाषा में पिरोया गया है। प्रकाश फुलारा की चौथी एल्बम हिट रितु मासी बाजार' जल्द ही रिलीज होने वाली है। प्रकाश फुलारा का बचपन गरीबी में बीता पर यह बात भी सच है कि इंसान में अगर कुछ खूबी होती है तो वो अपने आप बाहर आती है , बस उसको खुद परखने की जरूरत है , उपर बैठी धूल हो हटाने की जरूरत है । बचपन से ही सामाजिक कार्यों में अपना योगदान दिया , रामलीला मंच में अपने नित्य ओर एक्टिंग के द्वारा लोगो का मन मोह लिया। सुराईखेत इंटर कालेज से पढ़ाई की ओर स्कूल राज्य प्रोग्राम में भी अपना योगदान दिया। उसके बाद राजनीति में पदार्पण भी आए और दो बार सरपंच रहे। बड़े ही सुंदर तरीके से काम किया जिसके कारण उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष संगठन में भी रहे । पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक और हरीश रावत के द्वारा भी पुरस्कार से नवाजा गया। यह सब सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देने के बाद अपने असली टैलेंट को उभारा और अपने , खुद के लिखे दो लगातार एल्बम निकाली।

## होटल के कमरे में युवती की मौत का खुलासा, तीन बच्चों का पिता है युवक

### मुरादाबाद से मृतक युवती के परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप,शादी के लिए कर रहा था परेशान

नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल के एक होटल में युवती की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। बुधवार को मृतका के परिजनों ने नैनीताल पहुंचकर मामले में नया खुलासा किया। उन्होंने बताया कि युवती की मौत के बाद से फरार युवक मृतका





का पति नहीं है, बल्कि वह पहले से शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता है। परिजनों ने युवक पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि मंगलवार को नैनीताल हल्द्वानी रोड स्थित नेशनल होटल में मुरादाबाद निवासी इरम खान (32)का शव संदिग्ध अवस्था में मिला था। बताया जा रहा था कि वह अपने पति के साथ वहां आई थी। लेकिन युवती के साथ उसका पति बन कर रह रहा युवक मौके से फरार हो गया था। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित कर दिया था। सूचना के बाद बुधवार को मृतका की मां जुबेदा खातून, बहन फरीन व मामा का लड़का शारिक तल्लीताल थाने पहुंचे। परिजनों ने थाने पहुंचकर बताया कि मृतका शादीशुदा नहीं थी। मृतका के साथ होटल में रहने वाला युवक पहले से ही शादीशुदा है। जिसके तीन बच्चे हैं। मृतका की मां ने बताया कि वह युवक उसकी बेटी को बीते एक साल से शादी करने के लिए परेशान कर रहा था। जिसकी शिकायत भी की थी। जिसके बाद युवक कई बार मृतका व उनको मारने की धमकी दे चुका था। सोमवार को युवक की ओर से किसी व्यक्ति ने बेटी को कॉल कर बात करने के लिए कचहरी में बुलाया था। जब बेटी शाम तक घर नहीं पहुंची तो उन्होंने बेटी को कॉल की लेकिन बात नहीं हो पाई। जिसके कुछ देर बाद बेटी से बात हुई तो उसने कहीं जाने की बात कहकर कॉल काट दी। आरोप है कि युवक मृतका की सोने की चैन व मोबाइल भी ले गया है। उन्होंने युवक पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। सीओ विभा दीक्षित ने बताया कि फिलहाल युवक की तलाश की जा रही है।

## विश्व के लोगों को भारत को जानने और समझने की जिज्ञासा : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की में थिंक इण्डिया के सहयोग से आयोजित जी-20 इम्पैक्ट समिट: अनशीलिंग द पोटेंशियल कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए कहा कि जी-20 की अध्यक्षता भारत के लिए एक राजनीतिक अवसर नहीं, बल्कि यह एक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जी-20 ऐसे देशों का समूह है, जिनका आर्थिक सामर्थ्य विश्व की 85 प्रतिशत जीडीपी का तथा विश्व के 75 प्रतिशत व्यापार का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसमें विश्व की दो-तिहाई जनसंख्या समाहित है और जो



आजादी के अमृतकाल में हमारे लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के जी-20 की थीम वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर है, जो मूल रूप से भारतीय संस्कृति द्वारा विश्व को दिए गए सिद्धांत वसुधैव कुटुंबकम पर आधारित है, जिसका अर्थ है समस्त विश्व एक परिवार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विश्व के लोगों को भारत को जानने, समझने की जिज्ञासा है। वे हमारी सांस्कृतिक धरोहरों का अध्ययन, वर्तमान की सफलताओं का आंकलन तथा हमारे भविष्य को लेकर अभूतपूर्व आशाएं प्रकट कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज भारत बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने उत्तराखण्ड राज्य को जी-20 की तीन बैठकों का आयोजन करने का अवसर प्रदान किया। आई.आई.टी. रुड़की का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संस्थान 176 वर्षों से भारतीय शिक्षा के क्षेत्र में देश को गौरवान्वित करता आ रहा है तथा यहां से अध्ययन करने वाले अनेकों विद्यार्थी आज देश व विदेश के अनेकों महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर निदेशक भारतीय प्रौद्यागिकी संस्थान रूड़की प्रो० के.के. पन्त, प्रो० ए.एच. उपाध्याय, श्री सार्थक पाण्डया, विधायक श्री प्रदीप बत्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री किरण चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष रूड़की श्री शोभाराम प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## रोहित दानू का भारतीय फुटबॉल टीम में हुआ चयन

बागेश्वर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर रोहित दानू सुनील



छेत्री की कप्तानी वाली देश की फुटबॉल टीम से खेलते नजर आएंगे। शानदार फॉरवर्डर रोहित का चयन 23 सितंबर से 8 अक्तूबर तक चीन के हांग्जो में होने वाले एशियाई गेम्स के लिए भारतीय टीम में हुआ है। बागेश्वर के बघर गांव निवासी रोहित दानू ने काफी छोटी उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू कर दिया था। उन्होंने फुटबॉल की बारीकियां बागेश्वर के कोच नीरज पांडेय से सीखीं। रोहित की लगन और हुनर को देखते हुए कोच पांडेय ने उन्हें बेहतरीन ढंग से तराशा। दिनोंदिन उनके खेल में निखार आता गया। रोहित में 12-13 साल की उम्र में ही प्रतिभा की झलक दिखाई देने लगी थी। वह प्रदेश की अंडर-14 टीम का हिस्सा रहे। इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बूते वर्ष 2017 में 15 वर्ष की उम्र में भारतीय अंडर-17 टीम का हिस्सा बन गए। रोहित ने वर्ष 2017 में फीफा विश्व कप अंडर 17 में देश का प्रतिनिधित्व किया। रोहित भारतीय अंडर-19, अंडर-23 का हिस्सा भी रहे। मंगलवार रात एशियाई गेम्स के लिए भारतीय फुटबॉल टीम घोषणा हुई और रोहित भारत के स्टार खिलाड़ी सुनील छेत्री की टीम का हिस्सा बन गए। बुधवार सुबह से समूचे जिले में रोहित के देश की मुख्य टीम में शामिल होने की खबर फैल गई। सोशल मीडिया पर रोहित की उपलब्धि की पोस्ट से पट गया। रोहित, रोहित के परिवार के साथ ही कोच नीरज पांडेय को बधाई मिल रही है। कोच नीरज पांडेय ने रोहित को होनहार खिलाड़ी बताते हुए कहा कि वह जल्द ही अंतरराष्ट्रीय फलक पर छा जाएंगे। होनहार फुटबॉल खिलाड़ी रोहित का हाल में बंगलुरू एफसी के साथ तीन साल का करार हुआ है। वह 2020 में इंडियन सुपर लीग क्लब हैदराबाद के साथ तीन साल के लिए जुड़े थे। अपना बचपन बागेश्वर की गलियों में गुजारने वाले रोहित का बागेश्वर का बेहद लगाव है। जब भी मौका मिला, रोहित बागेश्वर आते रहते हैं। बागेश्वर के युवा खिलाड़ियों को उनका सानिध्य मिलता रहता है। रोहित बीते जून में बागेश्वर आए थे। कोच नीरज पांडेय की फुटबॉल एकेडमी की सेवन ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता में युवा खिलाड़ियों को रोहित का मार्गदर्शन मिला था। रोहित का परिवार जिला मुख्यालय में रहता है।

## बंसल ने संसद में उठाया उत्तराखंड में आपदा से हुए नुकसान का मुद्दा

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। संसद में प्रश्नकाल में सांसद बंसल ने देश के विभिन्न हिस्सों में आई आपदा के संबंध में प्रश्न उठाया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से पूछा कि आपदा से देश में कितनी जानमाल की हानि हुई है। राज्य सभा सांसद नरेश बंसल ने बुधवार को संसद में उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आपदा से हुए नुकसान का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि राहत व बचाव कार्य के लिए राज्य को कितनी मुआवजा राशि दी गई। प्रश्नकाल में सांसद बंसल ने देश के विभिन्न हिस्सों में आई आपदा के संबंध में प्रश्न उठाया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से पूछा कि आपदा से देश में कितनी जानमाल की हानि हुई है।



सरकार की ओर से क्या कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के जोशीमठ समेत राज्य क्षेत्रों में भारी बारिश, अतिवृष्टि, जलभराव, भूस्खलन से नुकसान हुआ है। सवाल के जवाब में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने अवगत कराया कि केंद्र सरकार ने आपदा मद में राज्य सरकार को पहले ही पैसा जारी किया है। विभिन्न विभागों की समिति जांच के बाद नुकसान की रिपोर्ट बना रही है। राज्य सरकार की ओर से कोई पैकेज मांगा जाएगा तो उस पर सरकार सकारात्मक विचार करेगी।

# आपदा पीड़ितों को आयुर्वेदिक चिकित्सालय में शिफ्ट किया

## 18 प्रभावित परिवारों को क्षति का आंकलन कर सहायता राशि बांटी

नैनीताल/ओखलढूंगा(उद संवाददाता)। जनपद में समस्त स्थानों पर वर्षा एवं अतिवृष्टि के कारण ग्राम ओखलढूंगा पट्टी अमगढी व डॉन परेवा में गधेरे का पानी व मलुवा आने पर जिलाधिकारी द्वारा त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों के लिए टीमों को घटना स्थल पर रवाना किया है। जिलाधिकारी के निर्देशन में प्रभावित घटना स्थल से उपजिलाधिकारी राहुल साह ने बताया कि ओखलढूंगा, पटटी अमगढी व डॉन परेवा के गधेरे में पानी व मलुवा आने से 18 प्रभावित परिवारों को क्षति का आंकलन कर अहेतुक सहायता राशि मौके पर उपलब्ध कराई गई तथा कृषि भूमि एवं फसल की क्षति का आंकलन उद्यान एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ ही बीमा कम्पनियों यथाशीघ्र कराकर राहत वितरण किया जायेगा। उपजिलाधिकारी ने कहा कि मौके पर प्रभावित परिवारों को 50 राशन किट वितरित किये गये। उन्होंने बताया कि प्रभावित ग्राम में 02 गर्भवती महिलाओं का चिकित्सकों द्वारा चिकित्सकीय परीक्षण करने के उपरान्त उक्त दोनों महिलाओं को राजकीय



चिकित्सालय रामनगर में भर्ती कराया गया तथा प्रभावित घरों में पानी भर जाने से ओखलढूंगा ग्राम के प्रभावित 8 से 10 परिवारों के लगभग 26 लोगों को राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ओखलढूंगा के भवन के कक्षों में अस्थाई रूप से रखा गया है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि किसी भी प्रकार की जनहानि, पशुहानि एवं भवनों की क्षति नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि प्रभावित ग्राम में आवागमन हेतु हल्द्वानी के अन्तर्गत भण्डारपानी-पाटकोट- ओखलढूंगा-अमोठा मोटर मार्ग तथा रामनगर के अन्तर्गत रामनगर-भण्डारपानी-अमगडी- बोहराकोट-ओखलढूंगा, अमगडी- पाटकोट व काण्डा-डान परेबा के मार्ग में मलवा आने से मार्ग बाधित हो गये हैं। उन्होंने कहा मार्ग को आवागमन हेतु सुचारू करने के लिए लोनिवि रामनगर की 02 जेसीबी तथा पीएमजीएसवाई हल्द्वानी की 01 जोसीबी मशीनों के माध्यम से मार्ग खोलने की कार्यवाही गतिमान है।

# प्रभावित परिवारों की होगी पूरी मदद : भटट

हल्द्वानी। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने ओखलढुंगा में अतिवृष्टि से हुए नुकसान की जानकारी प्राप्त करते हुए जिला अधिकारी को तत्काल आपदा राहत व सहायता मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण ओखलढुंगा क्षेत्र के 4 दर्जन से अधिक परिवार प्रभावित बताए जा रहे हैं साथ ही किसानों की फसलों के नुकसान सहित घरों में पानी व मलवा आने की जानकारी मिली है जिसके पश्चात उनके द्वारा तत्काल जिलाधिकारी वंदना सिंह से दूरभाष पर वार्ता कर आपदा राहत अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए हैं। भट्ट ने बताया कि सरकारी मशीनरी मौके पर पहुचने के लिए अतिवृष्टि से बंद सड़क खुलवाने का काम कर रही है उप जिला अधिकारी राहुल शाह मौके पर पहुचने के लिए आमडंडी क्षेत्र में रास्ता खुलवा रहे हैं और कई प्रभावित परिवारों को आयुर्वेदिक चिकित्सालय में शिफ्ट किया गया है। श्री भट्ट ने कहा कि प्रशासन राशन किट और मेडिकल किट सहित अन्य मदद तत्काल उपलब्ध कराने को रवाना हो गया है। श्री भट्ट ने कहा कि उन्होंने निर्देश दिए हैं कि तत्काल आपदा प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद करते हुए उन्हें राहत सामग्री



वितरित करें तथा नुकसान का आकलन करते हुए राहत पहुंचाएं। श्री भट्ट ने बताया कि वह लगातार जिला प्रशासन के संपर्क में है । उन्होंने स्वास्थ्य की दृष्टि मेडिकल टीम और मेडिकल इंस्ट्रूमेंट भी क्षेत्र में भेजने के निर्देश दिए हैं और गांव में दो गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित स्वास्थ्य केंद्र तक लाया जा रहा है। वह लगातार पूरे मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। श्री भट्ट ने कहा कि अभी तक जनहानि की कोई सूचना नहीं है। क्षेत्र में जलभराव मलवा एवं फसल नुकसान की जानकारी मिली है जिसका आकलन के भी निर्देश दिए गए हैं।

# राम मंदिर निर्माण के तीसरे वार्षिकोत्सव 5 अगस्त को पर निकलेगी भव्य ध्वज यात्रा

काशीपुर(उद संवाददाता)।अयोध्या में बनने जा रहे भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण कार्य शुरू होने के तीसरे वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर पर धर्म यात्रा महासंघ की काशीपुर शाखा द्वारा विभिन्न धार्मिक संगठनों के सहयोग से आगामी 5 अगस्त को नगर में एक भव्य ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। इस ध्वजयात्रा के संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक बाली है।ध्वज यात्रा को सफल बनाने एवं सभी तैयारियों पर अंतिम मंथन करने हेतु गत दिवस रामलीला मैदान में पंडित राघवेंद्र नागर की अध्यक्षता तथा धर्म यात्रा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री केके अग्रवाल के संचालन और वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक बाली के संयोजन में एक बैठक हुई जिसमें नगर एवं क्षेत्र की धर्म प्रेमी जनता का आह्वान किया गया कि वह अधिक से अधिक संख्या में 5 अगस्त दिन शनिवार को सांय 5:00 बजे किला बाजार पहुंचे जहां से यात्रा प्रारंभ होगी ।सभी धर्म प्रेमियों से अनुरोध किया गया है कि इस महान पर्व के अवसर पर अपने अपने घरों , प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कम से कम 11 दीए जलाएं और मिष्ठान वितरित करें क्योंकि देश के हिंदू समाज के लिए यह गौरवमय और ऐतिहासिक अवसर है। बैठक में अशोक पैगिया ,आरपी राय, विकास शर्मा खुट्टू महेश अग्निहोत्री, क्षितिज अग्रवाल, मदन मोहन गोले ,जयप्रकाश सिंह ,सुभाष चंद शर्मा ,डीसी पांडे विनोद मेहरोत्रा संजय भाटिया अश्वनी शर्मा चंद्रभान सिंह गौरव गुप्ता मनोज कुमार महेंद्र खुराना पवित्र शर्मा , अजय चौहान शुभम चौहान शेषकुमार सितारा रमन बिहारी दास सहित दर्जनों समाजसेवियों एवं प्रबुद्ध लोगोने भाग लिया।

# शांति भंग में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ कार्यवाही

काशीपुर(उद संवाददाता)। मामूली बात पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। नौबत झगड़ा फसाद तक पहुंच गई। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया लेकिन जब वह हरकतों से बाज नहीं आए तो दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस ने उनका शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला कवि नगर निवासी रोहित शर्मा व अंकित शर्मा पुत्रगंण हरिओम शर्मा, होटल सिटी के समीप निवासी सुहैल पुत्र छोटे हुसैन, मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी शिवांशु पुत्र योगेश कुमार, अलीगंज रोड निवासी विवेक कुमार पुत्र कृपाल सिंह व ढकिया गुलाबो निवासी दीपक चौहान पुत्र राकेश सिंह किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा फसाद पर आमादा हो गए। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया लेकिन जब हरकतों से बाज नहीं आए तो दोनों पक्षों के 6 लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस ने उनका शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया।

# मजदूर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। मंडी में मजदूरी करने के लिए घर से निकला एक



युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गायब युवक का पता लगाना शुरू कर दिया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर हिम्मतपुर हेमपुर इस्माइल थाना आईटीआई निवासी विजेंद्र पुत्र विजयपाल ने बताया कि उसका 28 वर्षीय भाई विनय मंडी में लेबर का काम करता है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि गत 1 अगस्त को रोजाना की भांति उसका भाई सुबह लगभग 8:30 बजे मजदूरी करने के लिए घर से मंडी के लिए निकला लेकिन देर रात तक वापस घर नहीं लौटा। उसके पास जो मोबाइल फोन है वह भी बंद जा रहा है। परिजनों ने तमाम संभावित स्थानों पर तलाशी के बाद मामले की तहरीर पुलिस को देते हुए अनहोनी की आशंका जताई है। मामला पुलिस के संज्ञान में आने पर उसने गायब युवक का पता लगाना शुरू कर दिया।

# राईस मिल की दीवार गिरने से घरों में घुसा पानी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारी बारिश के चलते होटल ली कैसल और विपिन राइस मिल के मध्य से निकलने वाले नाले के उफान पर आने से दूधिया नगर स्थित विपिन राइस मिल की बाउंड्री वाल गिर गई जिस कारण नाला जाम हो गया एवं उक्त क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिससे शेरावाली मंदिर दुधिया नगर में मंदिर प्रांगण में पानी घुस गया सारी प्रतिमाएं भी जलमग्न हो गई। साथ ही कई



घरों में भी पानी चला गया।सूचना पर समाजसेवी संजय ठुकराल ने मौके पर पहुंचकर नगर निगम प्रशासन से बात की। जिस पर नगर निगम ने जेसीबी मशीन भेजकर नाले को खुलवाया। इस अवसर पर भुवन गुप्ता ,राकेश सिंह ,अजय यादव, सुनील सिंह,डा. सचिन मंडल, पप्पू श्रीवास्तव, ठाकुरदास गंगवार, मनोज शर्मा, चरणजीत शर्मा, रवि शर्मा, मुकेश शर्मा, अमित श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, राहुल शर्मा, प्रदीप शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, विकास गुप्ता, अमन गुप्ता, सुदीप सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# वर्ल्ड पुलिस गेम्स में मुकेश पावर लिफ्टिंग के फाइनल में पहुंचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। क्षेत्रवासियों को कनाडा से यह खुशखबरी आई है कि मुकेश पाल ने अपने पावर लिफ्टिंग खेल में शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड पुलिस गेम्स 2023 कनाडा में भारत के लिए सिल्वर मेडल पक्का कर भारत व उत्तराखंड प्रदेश व पुलिस का नाम रोशन कर दिया है। उन्होंने बताया है कि अपने पहले ही क्वालीफाई राउंड में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फाइनल में जगह बनाई तथा फाइनल 5 अगस्त को खेला जाएगा जिसमें वह अपनी क्षमता दमखम के साथ इस सिल्वर मेडल को गोल्ड मेडल में बदलने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रथम स्थान व तीसरे स्थान के खिलाड़ी कनाडा के ही थे। जो उनसे बहुत नजदीकी मात्र ढाई सौ ग्राम के अंतर से चल रहे थे। परंतु वहां 5 अगस्त को इस अंतर को खत्म कर रजत पदक के रंग को गोल्ड मेडल में बदलने का पूरा प्रयास करेंगे। साथ ही करोड़ों भारतवासियों की उम्मीदों पर खरा उतर गोल्ड मेडल के साथ भारत वापसी करने का प्रयास करेंगे।



Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# कांग्रेसियों ने फूंका सीएम का पुतला

सितारगंज(उद संवाददाता)। जनपद हरिद्वार में महिला के साथ बलात्कार कर उसकी हत्या किए जाने से आक्रोशित नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। गुरुवार को नगर व ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता नगर के मुख्य चौक पर एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है, महिलाएं सुरक्षित



नहीं है, भाजपा नेता ने महिला के साथ दुराचार कर उसकी हत्या कर दी है, भाजपा सरकार में अपराधियों का बोलबाला है। इस दौरान उन्होंने आरोपित नेता को फांसी दिए जाने की भी मांग की है। इस मौके पर पुतला दहन करने वालों में नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष हरप्रीत सिंह हैप्पी, महिला ब्लॉक अध्यक्ष जानकी कोहली, नवतेजपाल सिंह, शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, वरिष्ठ कांग्रेसी राम नगीना प्रसाद, मुख्तार अंसारी, करन जंग, वसीम मियां, अखिलेश सिंह, आजम मलिक, प्रशांत मंडल, सत्येंद्र सिंह, गुरजीत कौर आदि लोग मौजूद रहे।

# टैंट हाउस में आग लगने से हुआ लाखों का नुकसान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लामाचौड़ क्षेत्र में स्थित एक टेंट हाउस में अज्ञात कारणों से लगी आग से लाखों रुपए कीमत का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार लामाचौड़ स्थित एसबीआई बैंक के पास राज टेंट हाउस में अज्ञात कारणों के चलते



भीषण आग लग गई है। आग टैंट हाउस के गोदाम मे लगी जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। फिलहाल आग लगने के करणो का पता नही चल पा रहा है। मौके पर पहुँची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया।

# जंगल में घास लेने जा रही महिला को हाथी ने कुचलकर मार डाला

रामनगर। नैनीताल में रामनगर के टेढ़ा गांव में एक महिला को हाथी ने कुचलकर मार डाला। बताया जा रहा है कि महिला अपने घर से जंगल की ओर घास लेने जा रही थी। हादसे में महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, टेढ़ा गांव निवासी अनीता देवी पत्नी जसपाल शाम करीब साढ़े चार बजे जंगल की ओर जा रही थी। तभी वहां अचानक हाथी आ गया और महिला को दौड़ा दिया। महिला भाग पाती तब तक हाथी ने उसे पटक दिया और उसकी मौत हो गई।

# एमबी कालेज ने जीती फिटनेस प्रतियोगिता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एमेनिटी पब्लिक स्कूल के क्रीडा स्थल पर कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय फिटनेस एंड ट्रैकिंग प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि डॉ. डीके सिंह महासचिव उत्तराखंड ओलंपिक द्वारा



किया गया। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में एमबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा, डीएसबी परिसर नैनीताल, एसबीएस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर और पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर की टीमों ने प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता का उद्देश्य खिलाड़ियों की फिटनेस को परखना था। जिसमें एमबी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर ने उप विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। मैच में निर्णायक की भूमिका में प्रोफेसर डीडी जोशी, उप निदेशक खेल उत्तराखंड, सुरेश चंद पांडे, एमेनिटी पब्लिक स्कूल रूद्रपुर के एमडी सुभाष अरोड़ा, राजेंद्र सिंह नेगी, अंकुश रौतेला, नीतीश कुमार, एडवोकेट भूपेश दुमका, लोकेश पांडे, डॉ. राजेश कुमार, योगेश पांडे थे। प्रतियोगिता के आयोजक सचिव डॉ. महेंद्र राणा के अनुसार इस प्रतिस्पर्धा में 30 मीटर स्प्रिंट बैंड नी सीटअप, वुडबॉल प्रतियोगिता, विद पार्टनर रनिंग, क्रिकेट बॉल थ्रो इत्यादि थे। मुख्य अतिथि डॉ. डीके सिंह ने विजेता एवं उपविजेता दोनों टीमों को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अगले वर्ष राष्ट्रीय खेल प्रस्तावित है। जिसमें सभी खिलाड़ी अभी से मेहनत करें और उत्तराखंड के लिए अधिक से अधिक पदक अर्जित कर उत्तराखंड का नाम बढ़ाएं। इस अवसर पर अजय सिंह, डॉ. प्रमोद कांडपाल, डॉ. अर्जुन जगीरा, सुनील कुमार टीम मैनेजर के रूप में उपस्थित थे।

# बाजपुर में भूमिधरी के मामले की भट्ट ने की पैरवी

## मुख्यमंत्री से मिल इसका निकालेंगे समाधान



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने उधम सिंह नगर के तहसील बाजपुर में 6000 एकड़ गांव की भूमिधर करने और किसानों की समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है। केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि उधम सिंह नगर के बाजपुर तहसील में 20 गांव में लगभग 6000 एकड़ भूमि पर बसे लोग 50 सालों से भी अधिक संक्रमणीय भूमिधर हैं जिनमें अधिकांश लोग कृषि में शामिल हैं। और इस क्षेत्र में आवासीय कॉलोनी, स्कूल, बाजार सहित कई सारे उद्योग भी हैं। श्री भट्ट ने बताया कि उक्त भूमि के नाम से विक्रमपुर गांव में 11 सौ एकड़ भूमि को औद्योगिक क्षेत्र घोषित किया गया है। जहां पर पॉली लैब्स और पतंजलि सहित अन्य उद्योग स्थापित है। श्री भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अनुरोध करते हुए कहा कि पूर्व में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी किया गया था कि अगले आदेश तक उक्त भूमि में सभी प्रकार के क्रय-विक्रय को रोक दिया जाए, क्योंकि संबंधित के द्वारा यूपी गवर्नमेंट एस्टेट ठेकेदारी (पुनः अधिनियम और सत्यापन अधिनियम) 1970 की विविध मामले दर्ज करके कार्रवाई शुरू की गई थी। जिसमें भूमि के सभी खतौनी पर यह आदेश छापा गया और वर्तमान समय में उपरोक्त प्रकरण हाई कोर्ट में विचाराधीन है और जिलाधिकारी कोर्ट में भी सुनवाई जारी है। श्री भट्ट ने मुख्यमंत्री श्री धामी से अनुरोध करते हुए कहा कि उपरोक्त प्रकरण को गंभीरता से दृष्टिगत रखते हुए उच्च स्तरीय जांच करवा कर नियमानुसार कार्रवाई किया जाना बेहद आवश्यक है। श्री भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी को पूर्व में भी पत्र लिखकर, एवं दूरभाष पर भी उपरोक्त संबंध में पूरी वार्तालाप की गई है। श्री भट्ट ने क्षेत्र के लोगों का आश्वस्त किया कि सरकार पूरी तरह लोगों के साथ खड़ी है वह स्वयं और मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी जल्द इसका समाधान निकालेंगे और सरकार जन भावना के अनुरूप हर संभव कार्य करेगी।

# डीएम ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे कार्यों की कैम्प कार्यालय में समीक्षा की। बैठक में सर्वप्रथम नोडल जल जीवन मिशन एवं अधिशासी अभियंता मृदुला सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 201229एफएचटीसी प्रदान किए जाने हैं जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 65.18% की प्रगति प्राप्त कर ली गई है। जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत कुल 373 योजनायें प्रस्तावित है जिसमें से वर्तमान तक 75 योजनायें पूर्ण की जा चुकी हैं। शेष योजनाओं में कार्य प्रगति पर है जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त कार्यक्रम में योजनाओं में प्रगति बढ़ाते हुए गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया तथा साथ ही ऐसी योजनायें जो पूर्ण हो चुकी है उन्हें प्राथमिकता पर हर घर जल घोषित किये जाने की कार्यवाही पूर्ण किये जाने के निर्देश कार्यदायी संस्थाओं को दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा बैठक के दौरान 15 वें वित्त आयोग एवं मनरेगा के तहत जल संवर्धन एवं संरक्षण के कार्यों को ग्राम प्रधानों के माध्यम से प्राथमिकता पर कराने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान



स्वजल 2.0 के तहत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की वर्तमान स्थिति पर भी समीक्षा की गयी तथा संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया कि योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करा लें। बैठक में विशाल मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी, श्रीमती मृदुला, अधिक्षण अभियन्ता, पेयजल निगम, तरुण शर्मा अधीशासी अभियन्ता जल संस्थान रुद्रपुर, आपदा प्रबन्धन अधिकारी, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, जल संस्थान एवं स्वजल के इं० पचान्नद चौधरी, इं० ज्योति पालनी, इं० शिवम द्विवेदी आदि अभियन्ताओ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# महिला होमगार्ड्स पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला कमाण्डेन्ट होमगाड्र्स प्रतिमा ने बताया कि जनपद स्तर पर होमगार्डस स्वयं सेवकों (केवल महिला)के कुल 30 रिक्त पदों अनारक्षित -17 अनुसूचित जाति -06 अन्य पिछड़ा वर्ग -04, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग- 03 पर भर्ती हेतु ऊधम सिंह नगर के स्थायी निवासी अभ्यर्थियों के निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को उत्तराखण्ड राज्य सरकार द्वारा किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से दसवी की परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी पूर्ण रूप से भरे आवेदन-पत्र के साथ आवश्यक प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न कर दिनांक 23 अगस्त, 2023 की सांय 5 बजे तक जिला होमगार्डस् कार्यालय निकट मुख्य कोषागार के पीछे रूद्रपुर ऊधम सिंह नगर में स्वयं अथवा डाक से उपलब्ध करायें। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की आयु दिनांक 1 जुलाई, 2023 को 18 वर्ष से कम एंव 40 वर्ष से अधिक न हों। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि एंव समय की पश्चात प्राप्त, अपूर्ण, निर्धारित प्रारूप पर न होने एवं घोषणा पत्र में अभ्यर्थी के हस्ताक्षर न होने की दशा में आवेदन पत्रों पर कोई भी विचार नहीं किया जायेगा। उन्होने बताया कि आवेदन पत्र राजकीय वेबसाईड www.uk.gov.in के सेक्शन advertisement से डाउनलोड किये जा सकते है, एवं किसी कार्यदिवस में जिला कमाण्डेन्ट होमगार्डस् कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। भर्ती संबधी विस्तृत जानकारी जिला कमाण्डेन्ट होमगार्डस् कार्यालय एंव क्षेत्र के समस्त प्रमुख कार्यालय स्थित सूचना पट से प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ वैध प्रमाण पत्र ही संलग्न करें, अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले सभी दस्तावेजों/अभिलेखों की विभाग द्वारा भी जॉच/सत्यापन कराया जायेगा। दस्तावेज/अभिलेख असत्य व गलत पाये जाने की दशा में अभ्यर्थन निरस्त करते हुये नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।




# साइकिलिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन में साइकिलिंग के विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड के तीन प्रतिभागियों को रिकॉर्ड दूरी तय करने हेतु राज्यपाल द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में 60 वर्ष से ऊपर की आयु की कैटेगरी में कर्नल अनिल गुरुंग (रि.), कैप्टन गोपाल राणा (रि.) और पुष्पेन्द्र सिंह पंवार ने साइकिल से (देहरादून-लेह-देहरादून) 2022 कि.मी. की दूरी तय करने पर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। युवा इवेंट मैनेजर



की कैटेगरी में रवि कुमार ने भी खिताब जीता। इसके अलावा एक अन्य प्रतियोगिता के विजेता 15 प्रतिभागियों को भी राज्यपाल ने मेडल देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने सभी विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा आप सभी के जुनून के कारण यह सभी संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि आप सभी का साइकिल के प्रति लगन सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि आपने साइकिलिंग के माध्यम से वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। राज्यपाल ने कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। उन्होंने साइकिल में महिलाओं की भागीदारी पर भी प्रसन्नता व्यक्त की।

# होली चाइल्ड में छात्र संघ पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होली चाइल्ड स्कूल के सत्र 2023-24 के लिए नव छात्र संघ का गठन विद्यालय के ऑडिटोरियम में 'इनवेस्टिचर सेरेमनी' (अलंकरण समारोह) कार्यक्रम का बड़े भव्य रूप से आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ विशिष्ट अतिथि के रूप में आमन्त्रित होली चाइल्ड स्कूल के वर्ष 2013 के मेधावी छात्र डा. विवेक राजदेव के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे ने डा. विवेक राजदेव को बुके व प्रशस्ति-पत्र देकर स्वागत व सम्मानित किया। तत्पश्चात् बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना पर भक्तिभावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया गया। नव निर्वाचित छात्र संघ को प्रधानाचार्य द्वारा अपने दायित्वों के प्रति शपथ ग्रहण कराया गया। नव गठित छात्र संघ में हेड ब्याय-कीरतपाल सिंह, हेड गर्ल-अंशिका गंगवार, एडवाइजर-



ओम गुप्ता, डिप्टी हेड ब्याय-लक्ष्य बत्रा, डिप्टी हेड गर्ल-निदा सगीर, साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख- राहुल चौधरी व जिया भारती, स्पोर्ट्स कैप्टन-यश पाण्डे व सुखमन कौर, डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन-नितीश वाधवा व शगुन सिंह चयनित किए गए। इसके अलावा हाउस कैप्टन, सूचना प्रद्यौगिकी क्लब एवं अनुशासन प्रमुख का चयन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डा. विवेक राजदेव ने अपने संदेश में नव निर्वाचित छात्र संघ को बधाई दी और कर्तव्य पालन में निष्पक्ष और ईमानदार रहने की नसीहत दी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता द्वारा प्रदत्त संस्कारों, स्कूल द्वारा प्राप्त बुनियादी शिक्षा व शिक्षकों एवं अपनी कढ़ी मेहनत को दिया।स्कूल के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को पद एवं गरिमा की शपथ दिलाई। कर्तव्य पालन की शिक्षा देते हुए अपने कार्यों को ईमानदारी से करने की प्रेरणा दी। नवनिर्वाचित छात्र संघ को संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन आरके बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, विनय बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी, श्रीमति मंजू अधिकारी, कोआर्डिनेटर श्रीमति जसपाल कौर तथा समस्त विद्यालय परिवार ने हार्दिक बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।







# आरएएन पब्लिक स्कूल में छात्र संसद का गठन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए.एन पब्लिक स्कूल में संसद गठन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। तत्पश्चात् सम्मानीय अतिथिगण श्रीमान हरीश चन्द्र काण्डपाल तथा श्रीमती लीना काण्डपाल को पौधा देकर सम्मानित किया गया। संसद गठन में मुख्य छात्र के रूप में मौलिक कक्कड़ तथा मुख्य छात्रा के रूप में सान्या मेंहदींरत्ता को घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त खेलकूद प्रभारी - वंश बोहरा, निकिता शर्मा, अनुशासन प्रमुख- स्वर्णिम वर्मा, दिया वैद्य, इशान पंत, जानवी अरोरा,सदन प्रमुख - आदित्य कुमार, शगुन चंद, कौस्तुभ रूंगटा, पलक कबीर चुने गये। इसअवसर पर समारोह में इन्टरैक्ट कल्ब के अध्यक्ष अनिल जोशी, रोटरी कल्ब के अध्यक्ष हेमंत सिघंल तथा सचिव सुमित सिहं बहल भी उपस्थित रहे। इन्टरैक्ट कल्ब के सदस्यों को भी बैच देकर सम्मानित किया गया। चयनित संसद सदस्यों ने पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ अपने कर्तव्यों को निभाने की शपथ ली तथा अपने चयन पर विद्यालय एवं अध्यापकगण का आभार प्रकट किया। इस सुअवसर पर श्रीमती लीना काण्डपाल ने नव इ-पुस्तकालय का उद्घाटन अपने कर कमलो द्वारा किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरीश चन्द्र काण्डपाल ने बच्चों को भारतीय सभ्यता तथा संस्कृति से अवगत करवाते हुए उन्हे अपने माता-पिता का सम्मान करने की प्रेरणा दी और उन्होने बच्चों को बताया कि दृढ़ निश्चय से हम असम्भव को भी सम्भव कर सकते हैं। मुख्य अतिथिगण तथा विंग कमाण्डर एच.के. राय, विद्यालय निर्देशक मोहित राय एवं प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट द्वारा बच्चों को बैच देकर सम्मानित करते हुए चयनित सदस्यों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए, अभिभावकगण को बधाई दी और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय निर्देशक श्रीमान मोहित राय ने मुख्य अतिथिगण का आभार व्यक्त किया।









# समूह की महिलाओं ने ग्राम्य विकास मंत्री से की मुलाकात

पंतनगर(उद संवाददाता)। प्रदेश के कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी से पंतनगर जनपद ऊधम सिंह नगर की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मुलाकात कर ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी का धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओ ने ग्राम्य विकास विभाग के तहत एनआरएलएम के अंतर्गत जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ महिला समूहों द्वारा लिया जा रहा है। जिसके लिए समूहों की महिलाओं ने विभागीय मंत्री गणेश जोशी का आभार प्रकट किया। मंत्री ने कहा प्रदेश



में स्वयं सहायता समूहों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहे है। मंत्री ने समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी जमकर सराहना की ओर कहा कि सरकार /सशक्त उत्तराखण्ड के विजन के साथ निरंतर अग्रसर है। मंत्री ने कहा वर्ष 2025 तक समूहों की सवा लाख बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर बबली कोरंगा, राधा पांडे, सुषमा, ममता, उषा यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# दोपहिया वाहन चला रहे नाबालिगों के खिलाफ चलाया अभियान

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने स्कूली छात्रों द्वारा चलाई जा रही रेट्रो साइलेंसर लगी बुलेट सहित दो बाइकों को सीज कर 56 हजार 5 सौ रुपए का जुर्माना लगाया। एसएसपी मंजूनाथ टी सी के निर्देश पर गदरपुर थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने नगर के स्कूलों और मुख्य बाजार में जागरूकता अभियान चलाकर नाबालिक बच्चों को स्कूलों में बाइक ना लाने के लिए सभी विद्यालय प्रबंधको को सख्ती से निर्देश दिए थे लेकिन परिजनों ने इसके बाद भी अभिभावकों ने अपने नाबालिग/ बिना डी एल धारक स्कूली छात्रो को स्कूल आने के लिए मोटर साइकिल दी जा रही थी। इस पर गदरपुर पुलिस द्वारा विद्यालयों की छुट्टी के बाद सख्त अभियान चलाते हुए उत्तर प्रदेश के ग्राम मनु नगर और पछियापुर निवासी 2 छात्रो की बाइक सीज की। एक बाइक पर 37500 और दूसरी बाइक पर 19 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। थानाध्यक्ष देश ने कहाकई बार की चेतावनी के बाद अगर परिजनों द्वारा नाबालिक बच्चों को बाइक दी गई तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। जो अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को दो पहिया वाहन चलाने के लिए दे रहे हैं, चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर वाहन स्वामियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



# पालिका में सतर्कता समिति की बैठक सम्पन्न

किच्छा (उद संवाददाता)। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली की अध्यक्षता में आयोजित सतकर्ता समिति की बैठक में राशन कार्ड बनाये जाने,वार्डो में संचालित राशन की दुकानों के सही संचालन पर विचार विर्मश किया गया। वार्डो से उपस्थित सभासदों / सदस्यो द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में हो रही समस्याओं से अवगत कराया। उक्त बैठक में विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, सदस्य सतकर्ता समिति रमेश तिवारी, सभासद तौसीफ अहमद, जगरुप सिंह (गोल्डी), सदस्य सतकर्ता समिति, सभासद दानिश मलिक, हसीब अहमद, जुनैद, आरिफ, आदि मौजूद थे।



# श्रीमद् भागवत कथा में ध्रुव लीला का वर्णन





गदरपुर(उद संवाददाता)। बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मन्दिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगभग एक माह तक चलने वाली श्री मदभागवत कथा के दूसरे दिन कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने भागवत कथा का प्रवचन किया गया उन्होंने कहा कि भागवत मनुष्य को निर्भय बनाता है, भागवत में लिखा है कि ध्रुव जी मृत्यु के सिर पर पांव रखकर स्वर्ग में गए थे। राजा परीक्षित कथा सुनने के पश्चात बोले कि मुझे काल का भय नहीं लगता है। वही मंदिर में आए धर्म प्रेमियों के लिए आज के प्रसाद की सेवा श्री वेद प्रकाश भुड्डी जी एवं नगरपालिका से सेवानिवृत्त श्री सीताराम चौहान जी के परिवारों द्वारा दी गई। इस दौरान काफी संख्या में धर्म प्रेमी मौजूद थे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सरकार की संवेदनशीलता

किसी भी साम्प्रदायिक हिंसा की घटना को रोकना बेशक कानून की नाकामी को जिम्मेदार ठहराने की बजाये अगर घटना से पूर्व पनप रहे हालातों पर काबू किया जाता तो शायद नूंह में हुई अराजकता की स्थितियों से बचा जा सकता था। दूसरी तरफ शीर्ष अदालत ने हालात की संवेदनशीलता के मद्देनजर ही सरकारों को उनकी जिम्मेदारी की याद दिलाई। लेकिन अगर इस दायित्व को पहले याद रखा गया होता तो शायद हिंसक घटनाओं को रोका जा सकता था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से अगर अराजकता फैलने की आशंका हो तो सरकारों को अपनी ओर से तत्काल सक्रिय होकर हालात पर काबू पाने के लिए हर संभव कार्रवाई करनी चाहिए। मगर अफसोस की बात यह है कि ऐसा सुनिश्चित करने के लिए अक्सर शीर्ष अदालत को सख्त रुख अख्तियार करना पड़ता है। गौरतलब है कि हरियाणा के नूंह में एक धार्मिक जुलूस के दौरान हुई हिंसा की प्रतिक्रिया में कुछ संगठनों ने विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की थी। एक लोकतांत्रिक देश में विरोध जाहिर करना एक बात है, लेकिन अगर उसका तरीका ऐसा हो, जिससे हिंसा के और ज्यादा भड़काने की आशंका हो तब उसे समय पर रोकने और नियंत्रित करने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने विरोध प्रदर्शनों पर रोक तो नहीं लगाई, लेकिन इस मसले पर केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों को हिदायत दी। अदालत ने उम्मीद जताई कि पुलिस अधिकारियों सहित राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करेंगी कि किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत भरे भाषण न हों, कोई हिंसा या संपत्तियों को नुकसान न करे और जहां भी जरूरत पड़े, पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए जाएं। जाहिर है, शीर्ष अदालत ने हालात की संवेदनशीलता के मद्देनजर ही सरकारों को उनकी जिम्मेदारी की याद दिलाई। लेकिन अगर इस दायित्व को पहले याद रखा गया होता तो शायद नूंह में अप्रिय स्थितियों से बचा जा सकता था। गौरतलब है कि पिछले साल अक्तूबर और इस वर्ष अप्रैल में भी सुप्रीम कोर्ट साफ शब्दों में यह कह चुका है कि नफरत फैलाने वाले भाषणों के मामले में स्वत: संज्ञान लेकर प्राथमिकी दर्ज करना होगा, भले ही ऐसे भाषणों के खिलाफ किसी ने कोई शिकायत दर्ज न कराई हो। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया था कि नफरत भरे भाषण गंभीर अपराध हैं, जो देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने के साथ-साथ हमारे गणतंत्र के दिल और लोगों की गरिमा को प्रभावित करते हैं। हालांकि ये ऐसी बुनियादी बातें हैं, जिसका ध्यान सभी आम लोगों और खासतौर पर सरकारों को हर वक्त रखना चाहिए। यह छिपा नहीं है कि धर्म या समुदाय के हित का झंडा उठा कर कई बार आम लोगों को संबोधित करते हुए सार्वजनिक रूप से ऐसी बातें कहीं जाती हैं, जिससे भावनाएं भड़कती हैं और उसके बाद कोई छोटी-सी चिंगारी भी हिंसा की आग को फैला दे सकती है। सवाल है कि अगर व्यापक पुलिस और खुफिया तंत्र के साथ हर जगह चौकस रहने का दावा करने वाली सरकारें अराजक गतिविधियों, नफरत फैलाने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्त्वों पर बिना देरी किए लगाम लगा दें, तो क्या व्यापक हिंसा को समय रहते नहीं रोका जा सकता है! अफसोस है कि कई बार खुफिया सूचनाओं के बावजूद सरकार अपेक्षित स्तर तक गंभीर नहीं होती हैं और इसका नतीजा त्रासद होता है। जबकि इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट यहां तक कह चुका है कि नफरत भरे भाषण इसलिए भी नहीं रुक रहे हैं, क्योंकि सरकार कमजोर और शक्तिहीन है। शायद किसी भी सरकार को अपने बारे में इस तरह की टिप्पणी अच्छी नहीं लगेगी। लेकिन आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं कि धर्म के नाम पर होने वाली सभाओं या जुलूसों आदि में खुलेआम भावनाएं भड़काने वाली बातें कही जाती हैं, उसके नतीजे में कई बार हिंसा फैलने की आशंका बनती है, लेकिन पुलिस की ओर से तब तक इसकी अनदेखी की जाती है, जब तक मामला तूल न पकड़ ले या हाथ से न निकल जाए। विडंबना यह है कि अदालत के निर्देश और कानून लागू करने को लेकर सरकारों को खुद सक्रिय रहना चाहिए, मगर उसके लिए अदालतों को हिदायत देनी पड़ती है।

# बुलेट सवार पटाखे से उड़ा रहे यातायात नियमों की धज्जियां

## बाइकों के साइलेंसर से निकाली जा रही है फायरिंग की आवाज

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। शरारती तत्व एवं स्कूल में पढ़ने वाले छात्र खुलेआम बुलेट के साइलेंसर से पटाखे की आवाज निकाल कर यातायात नियम की धज्जियां उड़ा रहे हैं। मगर पुलिस बाइक चालकों के खिलाफ



कोई कार्रवाई नहीं कर रही। जिसके चलते लोगों में पुलिस के प्रति रोष पनपता दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार शरारती तत्व एवं स्कूल के पढ़ने वाले छात्र जो घर से पढ़ाई करने आते हैं और शहर में आकर बुलेट से पटाखे बजाकर यातायात नियम की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बुलेट चालकों के खिलाफ पुलिस कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रही है। बुलेट से पटाखे की आवाज निकालने वाले चालकों को पुलिस का कोई खौफ नहीं रहा। नगर में अक्सर यह नजारा देखने को मिलता है। नगर के मुख्य चौराहे पर पुलिस की तैनाती न होने से बाइक चालक बेखौफ होकर बुलेट की आवाज निकालते हुए दिखाई देते हैं। सड़कों पर पटाखे की आवाज सुनकर व्यापारी कई बार घबरा जाते हैं और दुकानों से बाहर की ओर देखने लग जाते हैं। जिससे शहरवासी भी परेशान हैं। बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ने में युवा अपनी शान समझते हैं। पुलिस की सुस्त कार्रवाई के चलते युवक बुलेट से पटाखे छोड़ने से बाज नहीं आते। मगर यह यातायात नियम का खुला उल्लंघन हो रहा है। बुलेट चालक पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। अचानक सड़क पर पटाखे की आवाज सुनकर अन्य वाहन चालक राहगीर घबरा जाते हैं। कई बार तो सड़क पर जा रहे बाइक सवार या स्कूटी सवार लड़कियां संतुलन खो देती हैं। फिर भी बाइक सवार बार-बार पटाखे बजाकर वहां पर स्पीड से दौड़ा ले जाते हैं। इधर पुलिस टाइम टाइम से यातायात नियमों पर चौकिंग अभियान चलाकर बाइक सवार चालकों के खिलाफ कार्रवाई तो करतीं हैं।

### पुलिस नहीं दिखा रही सख्ती शरारती तत्वों से लोग परेशान

नानकमत्ता। लड़कियों के स्कूल के समय व छुट्टी के दौरान मनचले तेज गति से स्टंट व छींटाकशी करते हुए बुलेट के साइलेंसर से गोली की तरह आवाज निकालकर बाइक दौड़ते हैं। कई बार लोगों ने पुलिस को इस संबंध में अवगत कराया गया है मगर पुलिस सख्त कार्रवाई नहीं कर रही है। नगर के जनप्रतिनिधियों का कहना है कि कई बार थाना परिसर में बैठक के दौरान पुलिस को अवगत कराया गया है कि स्कूल के समय पर छुट्टी के दौरान नगर के मुख्य चौराहे पर पुलिस की तैनाती की जाए ताकि शहर में घूम रहे शरारती तत्व पर कानूनी कार्रवाई की जाए। मगर पुलिस की तैनाती न होने पर पुलिस के प्रति अभिभावकों में रोष पनपता दिखाई दिया। नगर के उद्योग व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष तरनजीत सिंह रानू कोहली ने कहा है कि नगर के मुख्य चौराहे पर शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखने लड़कियों की छुट्टी एवं स्कूल के समय पुलिस की तैनाती की मांग को लेकर व्यापारियों का शिष्टमंडल थानाध्यक्ष से मिलकर वार्ता करेंगे।

# मंडुवा के लिए एमएसपी 38.46 रुपए प्रति किलो के तहत सरकारी खरीद

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अल्मोड़ा विकास भवन पहुंचकर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए विकास भवन पहुंचने पर जिलाधिकारी विनीत तोमर, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने मंत्री गणेश जोशी का पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।बैठक के दौरान मंत्री ने जनपद में मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने मंडुआ झंगोरा गहत, चौलाई जैसी फसलों के उत्पादन पर जोर देते हुए कहा कि यहां की परिस्थितियों के अनुसार मोटे अनाज के उत्पादन की जनपद में अपार संभावनाएं हैं, इसलिए अधिकारी इस ओर अधिक ध्यान दें। उन्होंने कहा कि मंडुवा के लिए एमएसपी 38.46 रुपए प्रति किलो के तहत सरकारी खरीद होने से अब यह फसल किसानों के लिए आय भी अर्जित करेगी उन्होंने कहा कि मांडुवा खरीद में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। जिसके तहत समूह की महिलाओं द्वारा मंडुवा खरीद पर 15 रुपए प्रति किलो का इंसेंटिव दिया जाएगा, जिससे किसानों को अपनी फसल का उचित दाम भी घर बैठे प्राप्त होगा वहीं दूसरी ओर महिलाओं की आजीविका बढ़ाने में भी मदद मिलेगी । उन्होंने कहा कि इस वर्ष को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के तौर पर मनाया जा रहा है, इसलिए विभागीय अधिकारी इस और अधिक लगन से कार्य करें। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए योजनाओं का प्रचार तथा प्रसार बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिएउद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने निर्देश दिए कि जिले में सेब के उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने एप्पल मिशन के अंतर्गत किसानों को सेब के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिएसाथ ही पॉलीहाउस निर्माण में भी तेजी से लाभार्थियों का चयन कर पोलीहाउस बनाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाए तथा जो भी विभागीय योजनाओं से संबंधित कार्यक्रम आयोजित होते हैं, उनमें जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाएग्राम्य विकास की समीक्षा के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने निर्देश दिए कि मनरेगा के तहत वृक्षारोपण के जो कार्य किए जाते हैं, उन पौधों की देखरेख का भी मैकेनिज्म तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत फलदार पौधे का रोपण किया जाएपरियोजना निदेशक ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में मनरेगा के तहत 216104 लक्ष्य के सापेक्ष 152992 पौधे लगाए जा चुके हैं इस दौरान बैठक में डीसीबी चेयरमैन ललित लटवाल पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, जिलाधिकारी विनीत तोमर, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, पीडी पुष्पेंद्र सिंह समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईको टूरिज्म समिति की बैठक में डीएम ने दिये दिशा निर्देश

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में ईको टूरिज्म समिति की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जनपद में इको टूरिज्म के रूप में गतिविधियों को बढ़ाने तथा अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के साथ ही पर्यटन के माध्यम से जनपद की आर्थिकी बढ़ाने जैसे अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में दूनागिरी राजकीय उद्यान के 102 हेक्टेयर क्षेत्र में कैंपिंग, इको औद्यानिकी तथा स्टार गेजिंग के विकास पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधितों को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। दूनागिरी- कुकुछीना-महावतार बाबा गुफा के रूट का भी विकास किए जाने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिए।बैठक में कुकुछीना से पांडवखोली ट्रेक का भी विकास करने पर चर्चा की गई। इस संबंध में जिलाधिकारी ने कांसेप्ट नोट तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कोसी से कौसानी तक कोसी नदी के किनारे साइकिल ट्रेक बनाने पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को इसका मुआयना करने तथा एक कांसेप्ट नोट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी अल्मोड़ा वन प्रभाग दीपक सिंह, डीएफओ सिविल सोयम ध्रुव सिंह मर्तोलिया, जिला पर्यटन विकास अधिकारी अमित लोहनी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




# जलभराव वाले क्षेत्रों को आपदा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की स्वीकृति

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कपकोट के ससोला में नर्सिंग कालेज खोले जाने एवं केदारेश्वर स्टेडियम की सुरक्षा हेतु बाढ़ सुरक्षा कार्य किए जाने की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने हरिद्वार के जलभराव वाले क्षेत्रों को आपदा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की भी स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार के आपदाग्रस्त क्षेत्रों में आगामी 03 माह तक विद्युत, जल व अन्य सरकारी देयकों एवं ऋणों की वसूली को स्थगित रखने एवं आपदाग्रस्त क्षेत्रों में व्यापक सर्वेक्षण कराकर मानकानुसार तत्काल राहत राशि/मुआवजा का वितरण सुनिश्चित किए जाने की भी सहमति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने भविष्य में बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए नदियों को चौनलाइज कराए जाने का कार्य कराए जाने हेतु ठोस कदम उठाये जाने, आपदाग्रस्त क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार स्थायी बाढ़ राहत केन्द्रों का निर्माण कराए जाने संबंधी प्रस्तावों का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने खटीमा क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को उच्च स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकालय तैयार करने, खटीमा में जल भराव से निजात के लिए ड्रेनेज प्लान तैयार करने एवं चरणबद्ध रूप से नालों का निर्माण कराए जाने आदि को भी स्वीकृति प्रदान की है।



# चाकू के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने संदिग्ध युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक शिवनगर तिराहे के पास गश्त कर रही पुलिस टीम को मुखविर से सूचना मिली कि पास ही खोखे के पास एक संदिग्ध युवक चाकू के साथ खड़ा है। जिस पर पुलिस ीम वहां पहुंची तो संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर सकपका गया और भागने का प्रयास करने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसके कब्जे से एक चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह नशे का आदी है और नशे के लिए लोगों को चाकू से डराकर पैसे छीन लेता है। पुलिस ने उसका चालान कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

# स्कूलों के पास तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर करें सख्त कार्रवाई: डीएम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला समन्वय समिति की बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विद्यालयों में तंबाकू जागरूकता कार्यक्रम जनपद के प्रत्येक विकासखंड में आशा, एएनएम एवं सीएचओ तथा संबंधित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अभियान चलाकर कम से कम 2020 ग्रामों को तंबाकू मुक्त बनाने की योजना है। साथ ही बैठक में मिशन इंद्रधनुष के तहत होने वाले



चलाने, धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थाओं, सार्वजनिक स्थानों को तंबाकू मुक्त करने समेत अन्य दिशा निर्देश जिलाधिकारी ने संबंधितों को दिएजिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शैक्षणिक संस्थाओं के 100 मीटर के दायरे में नशीले पदार्थों की बिक्री पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद स्तर तथा विकासखंड स्तर पर गठित छापामार दलों द्वारा चालान तथा अर्थदंड की प्रक्रिया को भी बढ़ने के निर्देश दिए। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ दीपांकर डेनियल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में टीकाकरण को लेकर भी चर्चा की गई।बैठक में सीएमओ डॉ आरसी पंत, डीपीओ पीतांबर प्रसाद समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे ।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम अनु अरोरा से बदलकर अंशु अरोरा रख लिया है। भविष्य में मुझे अंशु अरोरा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

अंशु अरोरा पत्नी श्री अमन अरोरा,
निवासी- दुर्गामंदिर वार्ड न. 4,
बुकसौरा, दिनेशपुर,
उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

# पुरोला नगर पंचायत अध्यक्ष हरिमोहन नेगी बर्खास्त

उत्तरकाशी। वित्तीय अनियमितताओं, भ्रष्टाचार के आरोपों में सरकार ने पुरोला नगर पंचायत के अध्यक्ष हरिमोहन नेगी को बर्खास्त कर दिया है। इस पद को रिक्त घोषित कर दिया गया है। शासन ने यह निर्णय जिलाधिकारी और शहरी विकास निदेशालय की जांच व नेगी से जवाब मिलने के बाद लिया है। नगर पंचायत पुरोला के वार्ड नंबर 1, 2, 3 और 6 के सभासदों क्रमशः भुवनेश, सुषमा चौहान, धनवीरी चौहान और विनोद नौडियाल ने अध्यक्ष हरिमोहन नेगी पर वित्तीय अनिमितताओं का आरोप लगाते हुए शपथपत्र के साथ लिखित शिकायत डीएम और शहरी विकास निदेशालय को दी थी। अध्यक्ष नेगी पर राज्य वित्त सहित 15वें वित्त और अवस्थापना मदों के तहत कराए गए कार्यों में अनियमितता, बोर्ड बैठक के प्रस्ताव के अभिलेखों में ओवरराइटिंग, कोविड-19 के दौरान 26.25 लाख के सामान खरीदने, चार कार्मिकों को आउटसोर्सिंग से भर्ती करने, विद्युतीकरण में फर्जीवाड़े, निजी वाहनों में डीजल-पेट्रोल का इस्तेमाल करते हुए नगर पंचायत से भुगतान जैसे संगीन आरोप थे। मामले में जिलाधिकारी उत्तरकाशी ने पिछले साल आठ जुलाई को जांच रिपोर्ट शासन को भेजी थी, जिसके आधार पर शासन ने इस साल 16 जनवरी को हरिमोहन नेगी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। नेगी ने सात फरवरी को अपना जवाब भेजा, जिसके बाद 31 मार्च को शासन ने शहरी विकास निदेशक को मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दिए। 16 जुलाई को निदेशालय ने शासन को विस्तृत जांच रिपोर्ट उपलब्ध करा दी।

# जन्मदिन पर पार्क में किया पौधारोपण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ओबीसी मोर्चा नैनीताल द्वारा प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राकेश गिरी के जन्मदिन के उपलक्ष में हीरानगर पार्क में पौधा रोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें जिले के अनेको मंडलों के ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व दर्जाराज्य मंत्री प्रकाश हरबोला, ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री नेत्रपाल मोर्या, जिला अध्यक्ष महेंद्र कश्यप, जिला



महामंत्री नन्हे कश्यप, वीरेंद्र जायसवाल, जिला मंत्री हीरालाल साहू, जिला मीडिया प्रभारी कनाहिया जसवाल, नगर अध्यक्ष प्रताप रेकवाल, पार्षद मधुकर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुशील साहू, नगर अध्यक्ष महेश साहू, नगर महामंत्री संतोष जायसवाल, नगर मंत्री रामजीत पटेल, अजय गुप्ता, महामंत्री दशरथ साहू, एससी मोर्चा जिला महामंत्री रविन्द्र बाली, नगर मंत्री योगेश राजौर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सत्यापन नहीं कराने पर मकान मालिक का काटा चालान

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु के निर्देश पर चलाये जा रहे सत्यापन अभियान के तहत थानाध्यक्ष देघाट राहुल राठी के नेतृत्व में देघाट पुलिस ने कस्बा देघाट में सत्यापन अभियान चलाकर बिना सत्यापन रह रहे लोगों का सत्यापन किया। अभियान के दौरान 1 मकान मालिक द्वारा अपने किरायेदारों का पुलिस सत्यापन नही कराया था, जिस पर सम्बन्धित मकान मालिक का पुलिस एक्ट में 5 हजार रुपये का नगद चालान किया गया। इसके उपरांत थानाध्यक्ष देघाट द्वारा पुलिस टीम के साथ स्थानीय लोगों को किरायेदार सत्यापन के प्रति जागरुक करते हुए किरायेदार रखने से पूर्व अनिवार्य रुप से पुलिस सत्यापन कराने, बिना पुलिस सत्यापन के किरायेदार रखने पर मकान मालिक के विरुद्ध होने वाली चालानी कार्यवाही की जानकारी देकर बिना सत्यापन के किरायेदार नही रखने की सख्त हिदायत दी गयी।



# नेस्ले श्रमिकों ने किया बुद्धि शुद्धि यज्ञ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नेस्ले इंडिया लिमिटेड पंतनगर में कार्यरत श्रमिकों ने आज प्रबंधन की बुद्धि शुद्धि के लिए फैक्ट्री गेट के समीप यज्ञ किया। उनका आरोप है कि विगत 9 माह से मांग पत्र लंबित है। इस संबंध में कारखाने में समस्त श्रमिको को भूखे पेट काम करते हुए सभी श्रमिको को 100 दिन हो गए। परंतु प्रबंधन अपनी हठधर्मिता लगातार बनाए हुए है। भूखे पेट काम करते हुए समस्त श्रमिकों को आज 100 दिन पूर्ण हो जाने पर प्रबंधन की सद्बुद्धि हेतु दोनो यूनियनों से यूनियन ध्वज स्थल के निकट शुद्धि बुद्धि यज्ञ किया गया। यज्ञ में दोनो यूनियनों के अध्यक्ष मुकेश पांडे, धनवीर सिंह, मंत्री निर्मल पाठक, महामंत्री चंद्रमोहन लखेड़ा तथा दीपक शाह, सोहन लाल, कैलाश, राकेश रूंडला, परमोद रावत, दीपेश, धीरज, ओम प्रकाश गोड आदि श्रमिको ने यज्ञ में आहुति दी और भगवान से प्रबंधन को अति शीघ्र सद्बुद्धि देने की मनोकामना की।



# पुलिस और सफेदपोशों की छत्रछाया में ट्रांजिट कैम्प बना अपराधियों का गढ़: शर्मा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने ट्रांजिट कैम्प में हुए दोहरे हत्याकाण्ड की निन्दा करते हुए इसे पुलिस की विफलता का परिणाम बताया है। साथ ही ट्रांजिट कैम्प थाने में ईमानदार पुलिस अधिकारी की तैनाती करने की मांग की है। मीडिया को जारी बयान में महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने आरोप लगाया कि ट्रांजिट कैम्प में पुलिस और सफेदपोशों के संरक्षण में अपराधी फल फूल रहे हैं। ट्रांजिट कैम्प आज अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र को दूसरे राज्यों से आये अपराधियों ने अपनी शरण स्थली बना लिया है। यहां पर चोरी, लूट, बलात्कार जैसी घटनायें आम हो गयी थी अब हत्या की वारदात को भी अंजाम देने में अपराधिक तत्व नहीं चूक रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रे पूर्व में भी ट्रांजिट कैम्प की बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठा चुकी है और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से यहां पर अच्छे पुलिस अधिकारी की तैनाती की मांग कर चुकी है। आलम यह है कि ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में अवैध कार्यों में लिप्त लोग पुलिस और सफेदपोशों के संरक्षण में फल फूल रहे हैं। नशे का अवैध कारोबार यहां धड़ल्ले से चलता है। कोई भी नशे के खिलाफ आवाज उठाता है तो उसे दबंगई के बल पर चुप करा दिया जाता है। पुलिस महज चालान करने तक ही सीमित है। रात्रि गश्त के नाम पर पुलिस महज खानापूर्ति करती है। जिसके चलते अपराधिक तत्वों के हौंसले बुलंद हो चुके है। श्री शर्मा ने कहा कि बुधवार रात हुआ सनसनीखेज हत्याकाण्ड पुलिस की नाकामी का जीता जागता सबूत है। अपराधी इस कदर बेखौफ हो चुके हैं कि घर में घुसकर लोगों का कत्ल करने में भी नहीं हिचक रहे। महानगर अध्यक्ष ने ट्रांजिट कैम्प की बदहाल कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए यहां सख्त और ईमानदार पुलिस अधिकारी की तैनाती की मांग की है।

## पेज एक का शेष...

**दम्पत्ति की चाकू से गोदकर...**के तमाम लोग भी वहीं पर आ पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को देने के साथ ही गंभीर रूपए से घायल तीनों संजय, सोनाली व गौरी मंडल को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने संजय और उसकी पत्नी सोनाली को मृत घोषित कर दिया। मृतका सोनाली मंडल की माता गौरी मंडल को गंभीर हालत में उपचार के लिए नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सुबह मौके पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सूचना पर पुलिस के आलाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। पुलिस ने मृतक के घर को सील कर दिया है। घटना के बाद फौरेसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाये। इधर घटना की सूचना पर विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, भाजपा नेता सुशील गाबा, पार्षद कैलाश राठौर, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, दिलीप अधिकारी, डीके गंगवार, अनिल शर्मा, मोनिका ढाली आदि भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मृतक दंपत्ति के बच्चों को ढांढस बंधाया साथ ही आस पास के लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। विधायक शिव अरोरा ने घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों से भी वार्ता की और घटना का जल्द खुलासा करने को कहा। विधायक शिव अरोरा व भाजपा नेता सुशील गाबा ने निजी अस्पताल में भर्ती घायल गौरी मंडल का हाल भी जाना। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और संजय ठुकराल ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। घटना का कारण पुरानी रंजिश माना जा रहा है। बताया जाता है कि मृतक दंपत्ति सिडकुल की किसी कंपनी में काम करते थे। मृतक के पुत्र जय ने पुलिस को बताया कि हमलावर युवक पहले पड़ोस में ही किसी महिला के साथ किराये के मकान में रहता था। पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। एसएसपी ने घटना के खुलासे के लिए कई टीमों को लगाया है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल...**कोई कसर नहीं छोड़ रही। पुलिस द्वारा आरोपियों के पूर्व में मौहल्ले में रहने के दौरान मृतक दम्पत्ति से हुए विवादों की भी जानकारी ली जा रही है। एसएसपी ने हमलावरों को गिरफ्तार करने के लिए सभी संभावित स्थानों पर पुलिस टीमें रवाना कर दी हैं। पुलिस ने दावा किया है कि हमलावरों को घटना में प्रयुक्त हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

**रात्रि दसबजे मंदिर से ...**के लोगों को घटना के बारे में पता चला तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ। जो सोनाली रात्रि में मंदिर में सबके साथ विवाह की खुशियां मना रही थी वह अब उनके बीच नहीं रही है।

**चामुंडा देवी मंदिर में...**सूत्र बिछुआ आंख पीतल की पूजा की घंटी चांदी के शिवलिंग पीतल के लड्डू गोपाल कृष्ण दरबार आदि कीमती सामान समेट लिया और मौके से फरार हो गए। मंदिर के पुजारी कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह के अंदर भी श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाई गई छोटी-बड़ी लगभग 20 घंटियां टंगी थी जो गायब है। पुजारी श्री शर्मा ने बताया कि रोजाना की भांति बुधवार को भी उन्होंने शाम लगभग 8 बजे मंदिर बंद कर दिया था और घर चले गए। माना जा रहा है कि चोरी किया सनसनीखेज वारदात रात्रि 1बजे के बाद घटित हुई। मंदिर के गर्भ गृह में जहां माता की मूर्ति स्थापित है यही एक सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। मंदिर के पुजारी कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से यह कैमरा खराब है। चोरी की घटना को अंजाम देते हुए चोरों की निगाह जब कैमरे पर पड़ी होगी तो उन्होंने कैमरे के मुंह को दूसरी ओर घुमा दिया ताकि उनकी शिनाख्त ना हो सके।

**विदेश भेजने के नाम...**योग्य बच्चों को नौकरी हेतु विदेश भेजती है। बहुत बच्चों को विदेश भेज चुकी है। सभी बहुत अच्छा पैकेज ले रहें है। जिस पर उसने अपने पुत्र नरेन्द्र की योग्यता से अवगत कराया तो उसने आश्वास्त किया कि वह उसे विदेश में बहुत अच्छे पैकेज की नौकरी दिला सकता है । उसने अपनी कम्पनी में कार्यरत चाँद खों, राम सैनी, विनोद कपूर, करीम खान से मिलवाया । सभी ने कहा वह अपने बच्चों को बहुत अच्छे पैकेज पर विदेश भेज चुके है। उनकी बातो पर विश्वास करके प्रार्थी ने अपने पुत्र नरेन्द्र व पुत्रवधु ऑचल को अमेरिका भेजने की सहमति दे दी ।अंकुर गंगवार व चाँद खाँ ने पुत्र नरेन्द्र का पासपोर्ट ले लिया और जमानत के रूप में कई चैक प्राप्त कर लिये । दो लोगों का अमेरिका देश जाने का खर्च अधिक होने के कारण उसने ढाढा फार्म स्थित अपनी कृषि भूमि बेच दी। पवन का आरोप है उक्त लोगों को उसने 24 अप्रैल 21 को 25 लाख रूपये दिये । इसके बाद 30 अप्रैल 2021 को दो चैक 6 लाख एवं 16,20,000 रूपये के दिये । 15 मई 2021 को चैक से 1लाख, 25 मई 2021 को 15लाख एवं 28 मई 2021 को 1लाख रूपये का भुगतान किया। इसी बीच अंकुर गंगवार ने बताया कि राम सैनी दिल्ली अम्बेसी में है और वहाँ पर देने के लिए अकुर गंगवार ने 15 मई 2021 को चैक से 3लाख रूपये लिये । अंकुर गंगवार ने कहा कि पुत्रवधु के मायके से सत्यापन कराना है के नाम पर 19 मई 2021 को चैक से 2 लाख लिये । 7 जून 2021 को पुत्र नरेन्द्र ने चाँद खाँ को फीस जमा करने के लिए 44,200 रूपये उसके खाते दिये । 11 जून 21 को चैक से 6 लाख का भुगतान करीम खान को किया। 26 अगस्त 2021 1,14,600 रूपये का भुगतान किया। जब उनसे पूछा कि अमेरिका कब तक भिजवाओगें तो कोई सन्तोषजनक उत्तर नही दिया और धनराशि की माँग करते रहे।जब उनसे दी गई रकम व पासपोर्ट आदि वापस मोगे तो वह मारपीट को उतारू हो गयें और जबरन रूपये मॉगने, रंगदारी वसूलने व बलात्कार जैसे मुकदमें में फंसा देने की धमकी दी। । पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सरकारी नौकरी दिलाने...**परिचित युवक रवि कुमार पुत्र विनोद कुमार सिडकुल स्थित एक कम्पनी में काम करता है तथा देव होम्स, बिगवाडा, रूद्रपुर में एक किराये के मकान में रहता है। 11 मई 2022 को वह उसके पास आया और बताया कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग देहरादून में पहचान है। अपनी नौकरी ग्राम विकास अधिकारी के पद पर रूपये पच्चीस लाख में लगवा रहा हूं । लिखित परीक्षा में भी पास हो गया हूँ और आयोग के एक बड़े साहब को 15 लाख रूपये एडवान्स भी दे दिये हैं बाकी रकम ज्वाइनिंग के समय देना है। गारन्टी के तौर पर ऑरिजीनल मार्कशीट ले ली है जो कि बाकी रकम10 लाख देने पर वापस कर देंगें । जिसके बाद वह प्राइवेट नौकरी छोड़कर चला जायेगा। तुम्हारी नौकरी भी चतुर्थ श्रेणी में लगवा दूं। ऐसा करो कि तुम 6 लाख रूपये दो और तुम्हारे पैसे भी बड़े साहब के पास जमा कर देता हूं । रवि कुमार के झासे में आकर सहयोगी मित्र से तीन लाख रूपये उधार लेकर रवि कुमार को दे दिये। उसने कहा कि यह रूपये बड़े साहब को अभी इसी वक्त देने जा रहा हूं ताकि जल्द ही तुम्हारा काम भी हो जाये और वह वहां से चला गया। तीन माह बीत जाने के बाद फोन पर ही कहने लगा कि उपरोक्त नौकरी के मामले में एसआईटी की जांच बैठ गयी है इसलिये बार-बार कॉल मत करना नही तो सब गड़बड़ हो जायेगी और वह पकड़ा जायेगा। जांच पूरी होने के बाद सभी का काम हो जायेगा । बाद में विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि रवि कुमार काफी समय से ठगी, जालसाजी व अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**घर में घुसकर...** मौके से फरार हो गए। पुलिस को दी तहरीर में उपरोक्त मोहल्ला निवासी वीर सिंह पुत्र केवल सिंह ने बताया कि बुधवार की रात्रि जब वह घर में सोया था इसी दौरान तड़के लगभग 4बजे उपरोक्त मोहल्ला निवासी विकास पुत्र रमाशंकर तथा वंश पुत्र अनिल धारदार हथियारों से लैस होकर उसके घर में कूद गए और सीने पर अचानक चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया। शोर शराबा होने पर दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। इस मामले में हालांकि पुलिस ने तहरीर के आधार पर बदमाशों के खिलाफ नामजद अभियोग पंजीकृत कर लिया है लेकिन क्षेत्र में वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

**रेलवेट्रैक पर मिला...**के साथ किराए के मकान में रहता है। बीती शाम उसकी 13 वर्षीय पुत्री वंदना घर से अचानक गायब हो गयी। उसकी कई जगह तलाश की गयी लेकिन कोई पता नहीं चला। जिसके बाद तेजपाल ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी थी कि रात करीब साढ़े दस बजे पुलिस को सूचना मिली कि काशीपुर रोड फ्लाईओवर के पास रेलवे ट्रैक पर एक किशोरी का शव मिला है। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। बाद में मृतका के परिजनों ने उसकी शिनाख्त वंदना के रूप में की। वंदना ट्रांजिट कैम्प से यहां कैसे पहुंची और उसकी मौत के क्या कारण रहे पुलिस इस बारे में छानबीन कर रही है।

# लाखों के जेवर लेकर फरार महिला और प्रेमी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। काशीपुर में एक महिला अपने निकाह के पांच दिन बाद ही ससुराल से लाखों के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गई। पुलिस ने नवविवाहिता को उसके प्रेमी संग गिरफ्तार कर लिया है। मामला काशीपुर का है। जानकारी के अनुसार इसरार अहमद निवासी मोहल्ला कटोराताल ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसके बेटे इकरार अहमद का निकाह 21 जून 2023 को तय्यबा उर्फ आईसा के साथ हुआ था। निकाह के पांच दिन बाद तय्यबा करीब नौ तोले के आभूषण और 50 हजार रुपए की नकदी लेकर फरार हो गई।तहरीर के आधार पर कटोराताल चौकी प्रभारी नवीन बुधानी ने तय्यबा उर्फ आईसा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी। जांच के दौरान आमने आया कि तय्यबा बिजनौर निवासी फरमान से प्रेम करती थी। मंगलवार को पुलिस की टीम ने ढेला पुल काशीपुर के पास से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार तय्यबा के प्रेमी फरमान ने बताया कि हम दोनों के पास शादी तथा मौजमस्ती के लिए पैसे नहीं थे। हालांकि तय्यबा ने पूछताछ में बताया की फरमान उस पर वहां से भागने का दबाव बना रहा था। बता दें पुलिस ने तय्यबा और उसके प्रेमी फरमान से लगभग 50 हजार के जेवर और नकदी बरामद कर इकरार अहमद के परिजनों को सौंप दी है।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# काशीपुर रोड पर
# बड़ी कॉलोनी के बीचों-बीच
# फार्म हाउस हेतु एक बड़ा प्लॉट उपलब्ध है।



CONSTRUCTING HAPPINESS







## आस पास निर्माणाधीन मकान

- रजिस्ट्री, दाखिल खरिज एवं 143 प्लॉट
- कॉर्नर का प्लॉट
- 4 खूबसूरत पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- कॉलोनी में दर्जनों परिवार निवासरत

**86504-18000 / 86501-18000**